# कैरी संस्थान द्वारा विकसित भारत में मांस, अंडों के लिए जापानी बटेर की मुख्य नस्लें

भारत में मुर्गी और बत्तख पालन के बाद जापानी बटेर पालन का कारोबार भी बढ़ रहा है। इसके लिये कम जगह एवं खर्च की ज़रूरत होती है

जापानी बटेर पालन शुरू करने के लिए जानकारी, मार्गदर्शन और सिखलाई के लिए इच्छुक व्यक्ति भारत सरकार के केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (कैरी), जो कि इज़्ज़तनगर, बरेली (उत्तर प्रदेश) में स्थित है, से संपर्क कर सकते हैं।

कैरी संस्थान द्वारा विकसित बटेर की नस्लों में मुख्य रूप से कैरी उत्तम, कैरी पर्ल, कैरी उज्ज्वल, कैरी स्वेता, कैरी ब्राउन और कैरी सुनहरी शामिल हैं, जो जापानी बटेर पर आधारित हैं और अंडे व मांस उत्पादन के लिए लोकप्रिय हैं।

### कैरी उत्तम

- कैरी उत्तम नस्ल मांस और अंडों के लिए पाली जाती है
- 5 हफ़्तों में इसका वज़न 250 ग्राम तक हो जाता है
- इसके अंडों का औसत वज़न 12-13 ग्राम तक होता है
- इस नस्ल की मादा साल में 260 तक अंडे देती है
- इसकी अंडों की हैचिंग क्षमता 70-75% है

### कैरी पर्ल

- कैरी पर्ल नस्ल अंडों के लिए पाली जाती है
- 5 हफ़्तों में इसका वज़न 140 ग्राम तक हो जाता है
- इसके अंडों का औसत वज़न 9 ग्राम तक होता है
- इस नस्ल की मादा साल में 305 तक अंडे देती है
- इसकी अंडों की हैचिंग क्षमता 70-80% है

## कैरी उज्जवल

- कैरी उज्जवल नस्ल भी अंडों के लिए पाली जाती है
- 5 हफ़्तों में इसका वज़न 175 ग्राम तक हो जाता है
- इसके अंडों का औसत वज़न 11  ग्राम तक होता है
- इस नस्ल की मादा साल में 220 तक अंडे देती है
- इसकी अंडों की हैचिंग क्षमता 70% है

## कैरी स्वेता

- कैरी स्वेता पूरी तरह सफ़ेद रंग की नस्ल है
- 5 हफ़्तों में इसका वज़न 160-170 ग्राम तक हो जाता है
- इसके अंडों का औसत वज़न 10-11 ग्राम तक होता है
- इस नस्ल की मादा साल में 205 तक अंडे देती है
- इसकी अंडों की हैचिंग क्षमता 60-65% है

## कैरी ब्राउन

- कैरी ब्राउन भूरे रंग की नस्ल है
- 5 हफ़्तों में इसका वज़न 180-185 ग्राम तक हो जाता है
- इसके अंडों का औसत वज़न 11 ग्राम तक होता है
- इस नस्ल की मादा साल में 210 तक अंडे देती है
- इसकी अंडों की हैचिंग क्षमता 60-70% है

## कैरी सुनहरी

- कैरी सुनहरी आधी भूरी और आधी सफ़ेद रंग की नस्ल है
- 5 हफ़्तों में इसका वज़न 180 ग्राम तक हो जाता है
- इसके अंडों का औसत वज़न 11 ग्राम तक होता है
- इस नस्ल की मादा साल में 200 तक अंडे देती है
- इसकी अंडों की हैचिंग क्षमता 60-70% है